Fourteenth Loksabha

Session : 8
Date : 14-08-2006

Participants : Gangwar Shri Santosh Kumar

an>

Title : Resentment among farmers over the declared minimum support price of sugarcane.

श्री संतोा गंगवार (बरेली) : उपाध्यक्ष महोदय, मैं आपको धन्यवाद देता हूं। महोदय, आप भी किसान पृठभूमि से हैं और इस बात से परिचित हैं कि इस सदन में इसी सत्र में पूरे एक दिन किसानों की समस्याओं के तहत पैडी के मूल्य को लेकर हाउस नहीं चल पाया था। लेकिन वर्तमान सरकार किसानों के साथ कितना मजाक कर रही है, यह मैं आपके संज्ञान में लाना चाहता हूं। इस र्वा किसानों के लिए गन्ने का मूल्य केवल 75 पैसे प्रति क्विंटल बढ़ाया गया है। मैं समझता हूं कि गन्ना किसानों के साथ इससे बड़ा मजाक सरकार और क्या कर सकती है, यह सोचने की बात है। एन.डी.ए. की सरकार ने पिछले पांच सालों में गन्ने का मूल्य बीस रुपये बढ़ाया था और वर्तमान सरकार ने इस र्वा इसमें केवल 75 पैसे की बढ़ोतरी है। जो वास्तव में एक दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति है। यह इस बात को प्रदर्शित करता है कि किसानों के प्रति केन्द्र सरकार की क्या नीति है। मैं बहुत लम्बा नहीं बोलना चाहता, लेकिन मैं आपके माध्यम से सदन के संज्ञान में लाना चाहता हूं। क्योंकि इस समस्या के ऊपर चर्चा पता नहीं सोमवार को होगी या ब्रहस्पतिवार को होगी। मेरा आपके माध्यम से सरकार से आग्रह है कि सरकार देश के किसानों के साथ ऐसा मजाक न करे। महोदय, यह सब तब हो रहा है जबकि इस मामले में रफी अहमद किदवाई साहब ने एक फार्मूला दिया था और उस फार्मूले के तहत किसानों को गन्ने का मूल्य दो सौ रुपये क्विंटल राज्य सरकार को चीनी मिलों को देना चाहिए। हम चाहते हैं कि सरकार इसे सुनिश्चित करे कि किसानों को कम से कम दो सौ रुपये प्रति क्विंटल गन्ने का मूल्य मिले और यह काम राज्य सरकारों के साथ तालमेल करके होना चाहिए। क्योंकि इसमें दोहरी नीति से काम नहीं चलेगा कि केन्द्र एक मूल्य निर्धारित करे फिर उसमें राज्य सरकार कुछ बढ़ाये और इन्सैन्टिव दे। मैं समझता हूं कि यदि किसानों की हालत को दुरुस्त करना है तो उसके लिए सरकार राज्य सरकारों के साथ बैठकर इस प्रकार से मूल्य निर्धारित करे जिससे किसानों को सही लाभ हो। पिछले र्वा तथा इस र्वा चीनी मिलों को अत्यधिक लाभ होगा और उसके बदले में किसानों को उचित मूल्य न मिले तो वास्तव में यह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण होगा और देश के किसानों के साथ अन्याय भी होगा।